भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 121***

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का सुरक्षा कवर**

**†*121. श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधियाः**
**श्री कमल नाथः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकारी और निजी संस्थाओं को सुरक्षा प्रदान करने संबंधी सरकार की नीति की मुख्य बातें क्या हैं;
(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने वर्ष 2014-15 और 2015-16 के दौरान अनेक निजी प्रतिष्ठानों को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सशस्त्र कमांडोज़ का सुरक्षा कवर प्रदान किया है;
(ग) यदि हां, तो ऐसे निजी प्रतिष्ठानों का ब्यौरा क्या है जिन्हें उक्त अवधि के दौरान केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के माध्यम से सुरक्षा प्रदान की गई है और तत्संबंधी कारण और औचित्य क्या है;
(घ) क्या पूरे देश में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडोज़ की कमी को देखते हुए, सरकार का विचार निजी प्रतिष्ठानों के केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सुरक्षा कवर को हटाने का है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू)

**(क) से (ड.): एक विवरण सदन के पटल रख दिया गया है।**

--------

दिनांक 03 मई, 2016 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 121 के उत्तर में विवरण

(क): खतरे की आशंका और आंतरिक सुरक्षा संबंधी अपेक्षाओं के आधार पर सार्वजनिक और निजी संस्थानों को सुरक्षा प्रदान की जाती है। यदि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को निजी संस्थानों में तैनात किया जाता है तो सामान्यतय: तैनाती की लागत संबंधित संस्थान द्वारा वहन की जाती है।

(ख) और (ग): वर्ष 2014-15 और 2015-16 के दौरान निजी संस्थानोंमें केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| वर्ष | इकाई | मंजूरी की तारीख | तैनाती की तारीख | तैनाती के कारण |
|---|---|---|---|---|
| 2014-15 | कोष्टल गुजरात पावर लिमिटेड, टुंडा, मुंदरा, गुजरात | 09.03.2015 | 01.09.2015 | एजेंसियों द्वारा आंकलित खतरे की आशंका के आधार पर |
| 2015-16 | टाटा स्टील कलिंगा नगर, ओडिशा | 20.05.2015 | 03.12.2015 | |
| | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार, उत्तराखंड | 21.01.2016 | 22.04.2016 | |

(घ) और (ङ): वर्तमान में निजी संस्थानों से केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा वापस लेने के संबंध में सरकार द्वारा इस प्रकार का कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

------